Lucknow, Sunday,
15 September 2019
LUCKNOW EDITION
Lucknow/Sitapur Distt.- ₹ 2/-
Other Distt.- ₹ 3/-
Pages 14

# दैनिक जागरण




www.inextlive.com
Published from LUCKNOW • Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Meerut • Patna • Prayagraj • Ranchi • Varanasi



PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT



Areesha



Kumari Ankur



Pawan



Satakshi

# नये-पुराने नगमों पर यंगस्टर्स का जलवा

## दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की ओर से एसएमएस कॉलेज में हुई फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर पार्टी




lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (14 Sept):** कॉलेज में फ्रेशर पार्टी का अपना ही क्रेज होता है क्योंकि यही एक ऐसा मौका होता है जब नये और पुराने स्टूडेंट्स एक दूसरे से घुलने-मिलने के साथ नये दोस्त बनाते हैं. वहीं स्टूडेंट्स धमाकेदार म्यूजिक संग नाचते-गाते नजर आते हैं. कुछ ऐसा ही हॉट एंड हैप्पिंग नजारा शनिवार को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज कॉलेज में देखने को मिला, जहां दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की ओर से फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया. पार्टी के दौरान स्टूडेंट्स में जबरदस्त क्रेज देखने को मिला. सभी ने जमकर पार्टी में इंज्वॉय किया. पार्टी में फैशन शो, रैंपवॉक, सेल्फी जैसे कंप्टीशन हुए, वहीं विनर्स को गिफ्ट हैंपर भी दिया गया. पार्टी का आगाज कॉलेज के टीचर्स ने दीप जलाकर व सरस्वती वंदना से किया.

### सुरों का बिखेरा जलवा

फ्रेशर पार्टी में एसएमएस कॉलेज के नए सेशन के स्टूडेंट्स का ग्रांड वेलकम किया गया, जहां कई तरह के कंप्टीशन और एक्टिविटी के बीच स्टूडेंट्स ने फन और डबल धमाल के साथ अपने टैलेंट को स्टेज पर दिखाया, जिसे देखकर हर कोई हूटिंग करते हुये उत्साह बढ़ा रहा था. पार्टी के दौरान अभिषेक, अनशिता व प्रगति ने अपने जबरदस्त डांस मूव दिखाकर हर किसी को डांस करने पर मजबूर कर दिया. वहीं अंकित, हिमांशु, कोमल ने जब अपनी दमदार आवाज में सुरों को छेड़ा तो हर कोई मस्ती में झूमता हुआ नजर आया. पार्टी के दौरान हर डांस मूव और सांग पर जबरदस्त तालियों की गूंज से पूरा हॉल गूंज रहा था, जो स्टूडेंट्स में एनर्जी भरने का काम कर रहा था.


फ्रेशर्स ने पार्टी में जमकर की मस्ती.

### ये रहे विनर

फ्रेशर पार्टी में कई कंप्टीशन भी हुए, जिसमें सताक्षी द्विवेदी को कॉलेज की परी, अरीशा को मिस मार्गो फ्रेश एंड क्रेजी और पवन कुमार व कुमारी अंकुर को स्टाइल आइकॉन चुना गया. इससे पहले प्रोग्राम की शुरुआत रैंपवॉक से हुई. कॉलेज की छात्राओं ने रैंपवॉक कर फैशन का जलवा बिखेरा. मॉडल्स की अदाएं देखकर स्टूडेंट्स की तालियां बजनी शुरू हो जाती थी, जो उनका उत्साह बढ़ाने का काम कर रही थी.


Komal


लैंप लाइटिंग से प्रोग्राम का किया शुभारंभ.

### ये हैं स्पांसर्स

टाइटल स्पांसर्स
- परी सैनेटरी नैपकिन

पावर्ड बाई
- सोनाटा

को पावर्ड बाई
- मार्गो

### जीत सकते हैं परी की ओर से आकर्षक इनाम

अगर आपने फ्रेश एंड क्रेजी पार्टीज के दौरान 'परी' के बैकड्रॉप पर अपनी सेल्फी क्लिक की है, तो आपके पास परी की तरफ से आकर्षक इनाम जीतने का मौका है. इसके लिए आपको (कॉलेज की परी के साथ) अपनी सेल्फी फेसबुक या टि्वटर पर अपलोड करनी होगी. अगर आपकी सेल्फी सबसे ज्यादा पसंद की जाती है, तो आप हो सकती हैं शानदार इनाम की हकदार.

### यहां होगी मस्ती और धमाल

फ्रेश एंड क्रेजी फ्रेशर पार्टी 16 सितंबर सोमवार को लालकुंआ स्थित शशि भूषण कॉलेज में दोपहर 12 बजे से होगी, जहां स्टूडेंट्स जमकर पार्टी का लुत्फ उठाएंगे.